# Report

# National Webinar Jal Shakti Abhiyan: Water & Environmnt

# On World Environment Day, 05/06/2020

आज विश्व पर्यावरण दिवस पर राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब व रसायन विभाग द्वारा ऑनलाइन राष्ट्रीय सेमिनार (वेबीनार) का आयोजन "जल शक्ति अभियान: जल और पर्यावरण" विषय पर किया गया। इस वेबीनार में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सुरेश कुमार सोनी जी ने मुख्य अतिथि तथा देश के सर्वोच्च संस्थान भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर से विज्ञानिक डॉ सौमित्र कर ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। इस राष्ट्रीय वेबीनार में देश व राज्य के विभिन्न संस्थानों, विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों से कुल 100 शिक्षाविदों ने भाग लिया। वेबीनार के शुभारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य राम कृष्ण जी ने मुख्य अतिथि, मुख्य वक्ता और प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमें पर्यावरण की सुरक्षा एवं स्वच्छता के लिए जागरूक, सावधान और जिम्मेवार बनना होगा। वेबीनार के विषय पर मुख्य वक्ता डॉ सौमित्र कर ने अपने संबोधन में कहा कि आज पूरा विश्व पानी की कमी से जूझ रहा है और उपलब्ध पानी भी प्रदूषण की वजह से पीने योग्य नहीं रहा है। इस कमी को दूर करने के लिए भारत सरकार ने महत्वाकांक्षी योजना जल शक्ति अभियान की शुरुआत की है जिसमें भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर अपने मूल "राष्ट्र की सेवा में परमाणु" के तहत अपना सहयोग दे रहा है। उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर राष्ट्रीय सुरक्षा व नाभिकीय ऊर्जा के साथ स्वास्थ्य, कृषि एवं जल के क्षेत्र में भी अपना योगदान दे रहा है। उन्होंने जल पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की और कहा कि हम ना केवल घरेलू स्तर पर बल्कि औद्योगिक स्तर पर भी स्वच्छ जल उपलब्ध करवाने के लिए कार्य कर रहे हैं। मुख्य अतिथि डॉ सुरेश कुमार सोनी जी ने वेबीनार के विषय पर अपने विचार रखे और बताया कि पर्यावरण सुरक्षा व स्वच्छता के लिए शिक्षा बोर्ड ने पिछले दिनों "मुख्यमंत्री हरित विद्यालय परियोजना" के तहत कुल 1,09,315 पौधे लगाए थे और भविष्य में बोर्ड जल संरक्षण के लिए राज्य के विद्यालयों में वर्षा जल संग्रहण परियोजना लगाने की योजना बना रहा है। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के एक भारत श्रेष्ठ भारत नोडल अधिकारी  डॉ अतुल गुप्ता ने मुख्य अतिथि, मुख्य वक्ता एवं आयोजन में शामिल प्रो वीरेन्द्र, प्रो सुनील कुमार, डॉक्टर पूनम, लेफ्टिनेंट जयचंद व शालिनी शर्मा का धन्यवाद किया।

# Media Coverage

## पानी प्रदूषण की वजह से पीने योग्य नहीं रहा, स्वच्छता के लिए जागरूक बनना होगा : सौमित्र

### बिलासपुर कालेज में जल शक्ति अभियान जल और पर्यावरण विषय पर वेबीनार आयोजित

**बिलासपुर, ( आपका फैसला )।** विश्व पर्यावरण दिवस पर पीजी कालेज बिलासपुर में ऑनलाइन राष्ट्रीय सेमिनार (वेबीनार) का आयोजन जल शक्ति अभियान जल और पर्यावरण् विषय पर किया गया। इस वेबीनार का आयोजन महाविद्यालय के एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब व रसायन विभाग द्वारा करवाया गया। जिसने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार सोनी ने मुख्य अतिथि तथा देश के सर्वोच्च संस्थान भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर से वैज्ञानिक डॉ सौमित्र कर ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक डॉ अतुल गुप्ता ने बताया कि इस राष्ट्रीय वेबीनार में देश व राज्य के विभिन्न संस्थानों, विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों से कुल 100 शिक्षाविदों ने भाग लिया। वेबीनार के शुभारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डा. राम कृष्ण ने मुख्य अतिथि, मुख्य वक्ता और प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमें पर्यावरण की सुरक्षा एवं स्वच्छता के लिए जागरूक, सावधान और जिम्मेवार बनना होगा। वेबीनार के विषय पर मुख्य वक्ता डॉ. सौमित्र कर ने अपने संबोधन में कहा कि आज पूरा विश्व पानी की कमी से जूझ रहा है और उपलब्ध पानी भी प्रदूषण की वजह से पीने योग्य नहीं रहा है। इस कमी को दूर करने के लिए भारत सरकार ने महत्वाकांक्षी योजना जल शक्ति अभियान की शुरुआत की है जिसमें भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर अपने मूल वाक्य राष्ट्र की सेवा में परमाणु के तहत अपना सहयोग दे रहा है। मुख्य अतिथि डॉ सुरेश कुमार सोनी ने बताया कि पर्यावरण सुरक्षा व स्वच्छता के लिए शिक्षा बोर्ड ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री हरित विद्यालय परियोजना के तहत कुल 1,09,315 पौधे लगाए थे और भविष्य में बोर्ड जल संरक्षण के लिए राज्य के विद्यालयों में वर्षा जल संग्रहण परियोजना लगाने की योजना बना रहा है। कार्यक्रम के अंत में डॉ अतुल गुप्ता ने मुख्य अतिथि, मुख्य वक्ता एवं आयोजन में शामिल प्रो वीरेन्द्र, प्रो सुनील कुमार, डॉक्टर पूनम, लेफ्टिनेंट जयचंद व शालिनी शर्मा का धन्यवाद किया।

#### ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 154 विद्यार्थियों ने भाग लिया

एक अन्य कार्यक्रम में महाविद्यालय के इको क्लब एवं जीव जंतु विभाग द्वारा विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें देश व राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों से कुल 154 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 60 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वाले प्रतिभागियों को ई सर्टिफिकेट जारी किए गए।

## विद्यालयों में वर्षा जल संग्रहण परियोजना लगाने की योजना बना रहा बोर्ड

### बिलासपुर कालेज में विश्व पर्यावरण दिवस पर ऑनलाइन राष्ट्रीय वैबिनार का आयोजन



*बिलासपुर : बिलासपुर कालेज में आयोजित ऑनलाइन राष्ट्रीय वैबिनार के अवसर पर संबोधित करते हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. सुरेश कुमार सोनी।* (ब्यूरो)

बिलासपुर, 5 जून (ब्यूरो): विश्व पर्यावरण दिवस पर राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में ऑनलाइन वैबिनार का आयोजन जल शक्ति अभियान के तहत जल और पर्यावरण विषय पर किया गया।

इस वैबिनार का आयोजन महाविद्यालय के एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब और रसायन विभाग द्वारा करवाया गया, जिसमें हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. सुरेश कुमार सोनी ने मुख्यातिथि तथा देश के सर्वोच्च संस्थान भाभा एटॉमिक रिसर्च सैंटर के वैज्ञानिक डा. सौमित्र ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम के संयोजक डा. अतुल गुप्ता ने बताया कि इस राष्ट्रीय वैबिनार में देश व राज्य के विभिन्न संस्थानों, विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों से कुल 100 शिक्षाविदों ने भाग लिया। वैबिनार के शुभारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य राम कृष्ण ने मुख्यातिथि, मुख्य वक्ता और प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमें पर्यावरण की सुरक्षा एवं स्वच्छता के लिए जागरूक, सावधान और जिम्मेदार बनना होगा। वैबिनार के विषय पर मुख्य वक्ता डा. सौमित्र ने अपने संबोधन में कहा कि आज पूरा विश्व पानी की कमी से जूझ रहा है और उपलब्ध पानी भी प्रदूषण की वजह से पीने योग्य नहीं रहा है।

इस कमी को दूर करने के लिए भारत सरकार ने महत्वाकांक्षी योजना जल शक्ति अभियान की शुरूआत की है, जिसमें भाभा एटॉमिक रिसर्च सैंटर अपने मूल वाक्य राष्ट्र की सेवा में परमाणु के तहत अपना सहयोग दे रहा है। उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि भाभा एटॉमिक रिसर्च सैंटर राष्ट्रीय सुरक्षा व नाभिकीय ऊर्जा के साथ-साथ स्वास्थ्य, कृषि, भोजन एवं जल के क्षेत्र में भी अपना योगदान दे रहा है। कार्यक्रम के अंत में डा. अतुल गुप्ता ने मुख्यातिथि, मुख्य वक्ता एवं आयोजन में शामिल प्रो वीरेंद्र, प्रो. सुनील कुमार, डा. पूनम, लैफ्टिनैंट जयचंद व शालिनी शर्मा का धन्यवाद किया। वहीं एक अन्य कार्यक्रम में महाविद्यालय के ईको क्लब एवं जीव-जंतु विभाग द्वारा विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें देश व राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों से कुल 154 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 60 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वाले प्रतिभागियों को ई-सर्टीफिकेट जारी किए गए।

# पर्यावरण की सुरक्षा को हर नागरिक बने जिम्मेदार

**बिलासपुर।** स्वस्थ समाज और राष्ट्र के लिए पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता जरूरी है। इन दोनों मोर्चों पर सफलता के लिए सिर्फ सरकारी मशीनरी का मुंह ताकने की बजाए प्रत्येक नागरिक को जिम्मेदार बनना होगा। इस आशय के विचार बिलासपुर कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय वेबिनॉर में शिक्षाविदें और पर्यावरण विशेषज्ञों ने व्यक्त किए। जल शक्ति अभियान और पर्यावरण विषय पर आयोजित इस वेबिनॉर में देशभर से 100 से अधिक जानकारों ने भाग लिया। वेबिनॉर का आयोजन कॉलेज के एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब और रसायन विभाग ने कराया। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार सोनी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि, भाभा परमाणु अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. सौमित्र मुख्य वक्ता रहे।संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि वेबिनॉर के शुभारंभ में प्राचार्य राम कृष्ण ने मुख्य अतिथि, मुख्य वक्ता और प्रतिभागियों का स्वागत किया। एक अन्य कार्यक्रम में महाविद्यालय के इको क्लब व जीव जंतु विभाग ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया। प्रतियोगिता में 60 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वाले प्रतिभागियों को ई सर्टिफिकेट जारी किए गए।

# बिलासपुर कालेज में सजा राष्ट्रीय सेमिनार

**बिलासपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में ऑनलाइन राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन जल शक्ति अभियान जल और पर्यावरण विषय पर किया गया। इसमे हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. सुरेश कुमार सोनी ने मुख्यातिथि तथा देश के सर्वोच्च संस्थान भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर से वैज्ञानिक डा. सौमित्र कर ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के संयोजक डा. अतुल गुप्ता ने बताया कि इस राष्ट्रीय वेबिनार में देश व राज्य के विभिन्न संस्थानों, विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों से कुल 100 शिक्षाविदों ने भाग लिया। वेबिनार के शुभारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य राम कृष्ण ने मुख्यातिथि, मुख्य वक्ता और प्रतिभागियों का स्वागत किया। वेबिनार के विषय पर मुख्य वक्ता डा. सौमित्र कर ने अपने संबोधन में कहा कि आज पूरा विश्व पानी की कमी से जूझ रहा है और उपलब्ध पानी भी प्रदूषण की वजह से पीने योग्य नहीं रहा है। उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर राष्ट्रीय सुरक्षा व नाभिकीय ऊर्जा के साथ साथ स्वास्थ्य, कृषि, भोजन एवं जल के क्षेत्र में भी अपना योगदान दे रहा है। वहीं, इसमें देश व राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों से कुल 154 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 60 परसेंट से अधिक अंक लेने वाले प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट जारी किए गए।

# पर्यावरण को स्वच्छ बनाने पर मंथन

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। बिलासपुर

**बिलासपुर** पीजी कॉलेज में शुक्रवार को जल शक्ति अभियान जल और पर्यावरण विषय पर ऑनलाइन राष्ट्रीय सेमिनार वेबीनार का आयोजन किया गया। इसका आयोजन महाविद्यालय के एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब व रसायन विभाग द्वारा करवाया गया। इसमें प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार सोनी ने मुख्य अतिथि तथा देश के सर्वोच्च संस्थान भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर से वैज्ञानिक डॉ. सौमित्र कर ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि इस राष्ट्रीय वेबीनार में देश व राज्य के विभिन्न संस्थानों, विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों से कुल 100 शिक्षाविदों ने भाग लिया। वेबीनार के शुभारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य राम कृष्ण ने मुख्य अतिथि, मुख्य वक्ता और प्रतिभागियों का स्वागत किया। मुख्य वक्ता डॉ. सौमित्र ने कहा कि आज पूरा विश्व पानी की कमी से जूझ रहा है और उपलब्ध पानी भी प्रदूषण की वजह से पीने योग्य नहीं रहा है। इस कमी को दूर करने के लिए केंद्र सरकार ने महत्वाकांक्षी योजना जल शक्ति अभियान की शुरुआत की है। उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर राष्ट्रीय सुरक्षा व नाभिकीय ऊर्जा के साथ-साथ स्वास्थ्य,कृषि, भोजन एवं जल के क्षेत्र में भी अपना योगदान दे रहा है। उन्होंने जल पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की और कहा कि हम न केवल घरेलू स्तर पर बल्कि औद्योगिक स्तर पर भी स्वच्छ जल उपलब्ध करवाने के लिए कार्य कर रहे हैं। मुख्य अतिथि डॉ. सुरेश कुमार सोनी ने अपने विचार रखे। वहीं, एक अन्य कार्यक्रम में महाविद्यालय के इको क्लब एवं जीव जंतु विभाग द्वारा विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें देश व राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों से कुल 154 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 60: से अधिक अंक लेने वाले प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट जारी किए गए है।

**पर्यावरण विषय पर ऑनलाइन राष्ट्रीय सेमिनार वेबिनार का आयोजन**